हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 8 मार्च 2026

04 ट्रेड डील नहीं, ट्रैप डील है: काले कपड़े पहन ट्रंप...

07 टाटा सफारी से बकरी चोरी करने वाले गिरोह का...





## खबर संक्षेप



### श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज नलखेड़ा के अध्यक्ष पद पर कृष्णदास सोनी मनोनीत

**नलखेड़ा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राधा कृष्ण मंदिर चौक बाजार पर श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सामाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछले वर्ष के आय और व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। उसके बाद समाजजनों के द्वारा समाज के वर्तमान अध्यक्ष कृष्णदास सोनी पिता रमेश चंद्र सोनी को सर्वानुमति से आगामी तीन वर्षों के लिए सामाज के अध्यक्ष पद पर पुनः मनोनीत किया गया। कृष्णदास सोनी को अध्यक्ष बनने पर समाज के वरिष्ठ तथा अन्य हीरालाल सोनी वासुदेव सोनी बाबूलाल सोनी अशोक सोनी ऋतुराज सोनी अनिल सोनी दिलीप सोनी, रविन्द्र सोनी, दिलीप सोनी, दिलीप सोनी आदि ने बधाई दी।

### रंगपंचमी पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. द्वारा 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर सीहोर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस में जिले की समस्त 71 कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल होटलबार, एफएल रिसोर्ट बार, गोदाम तथा समस्त देशी मद्यभंडागार शाम 5 बजे तक बंद रहेंगे।

### सीहोर में रोजगार मेला 17 मार्च को

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मार्च को सीहोर के डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा।

### शिविर में 960 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 6 मार्च को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 700 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 260 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

## आक्रोशित परिजनों ने पुलिस के साथ की झूमा-झटकी, हत्या के बाद गांव में फैली सनसनी

# भाई-बहन को ताऊ ने लाठियों से पीटकर हत्या की, लोगों ने आरोपी के घर में लगाई आग

### पुलिस की मौजूदगी में मृतकों का अंतिम संस्कार किया, छावनी में तब्दील गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्दीकगंज/आष्टा

सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरी में शुक्रवार की सुबह रिश्तों के कत्ल की एक ऐसी सनसनीखेज वारदात हुई, जिसने पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया। जमीनी रंजिश के चलते एक कलयुगी ताऊ ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने ही सगे भतीजे और भतीजी की लाठियों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद गांव में स्थिति विकट हो गई और गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी के घर में आग लगा दी।

जानकारी के अनुसार धर्मपुरी निवासी कुलदीप मालवीय (18) अपनी बहन शीतल (20) के साथ शुक्रवार सुबह बाइक से 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने के लिए घर से निकला था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे उसके ताऊ हरिसिंह मालवीय और चचेरे भाई हेमंत मालवीय ने उन्हें रोक लिया। इससे पहले कि बच्चे कुछ समझ पाते, आरोपियों ने उन पर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई को बचाने आई शीतल ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

#### आरोपी के घर में लगाई आग, भारी पुलिस बल तैनात

डबल मर्डर की खबर जैसे ही गांव में फैली, परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। किसीअज्ञात ने आरोपी हरिसिंह के घर पर आग लगा दी। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने सक्रियता दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे घर का केवल अगला हिस्सा ही जल पाया। वर्तमान में एहतियात के तौर पर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है।

#### वन भूमि बनी वारदात का कारण

पुलिस के अनुसार जगदीश मालवीय और उनके भाई हरिसिंह के बीच लंबे समय से वन भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा था। साथ ही पिछले साल अक्टूबर में हरिसिंह के बेटे रितेश की एक सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसका बदला लेने के लिए वह अपने भाई के परिवार से रंजिश रख रहा था। इसे लेकर पूर्व में भी मारपीट के मामले दर्ज हुए थे, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं।

**आरोपी पिता-पुत्र हिरासत में :** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और मुख्य आरोपी हरिसिंह व उसके पुत्र हेमंत को हिरासत में ले लिया गया है। उनसे सघन पूछताछ की जा रही है। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।





#### अस्पताल में हंगामा, पुलिस से भिड़े परिजन



हत्याकांड के बाद आष्टा सिविल अस्पताल में उस वक्त जबरदस्त हंगामा हो गया, जब आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान परिजनों की वहां मौजूद एक कांस्टेबल के साथ झुमाझटकी और मारपीट भी हुई। स्थिति बिगड़ती देख आष्टा और पार्वती थाना प्रभारियों को अतिरिक्त बल के साथ मोर्चा संभालना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने पिछले दो महीनों में चार बार पुलिस को आवेदन देकर जान के खतरे की आशंका जताई थी, लेकिन पुलिस की सुस्ती ने आज दो बच्चों की जान ले ली।



## चैत्रीय नवरात्रि पर मां बगलामुखी मंदिर पर निःशुल्क भंडारे को लेकर बैठक आयोजित



**नलखेड़ा।** नवरात्रि पर्व पर होने वाले निशुल्क भंडारा के संचालन को लेकर पीताम्बरा सेवा समिति सदस्यों की बैठक शनिवार को शाम 4 बजे संपन्न हुई। नगर में स्थित पीतांबरा सिद्ध पीठ बगलामुखी मंदिर पर वर्ष की दोनों नवरात्रि पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा निशुल्क भंडारा संचालित किया जाता है। इस वर्ष भी चैत्रीय नवरात्रि के दौरान नवरात्रि के प्रथम दिवस मां बगलामुखी को छप्पन भोग लगाने के बाद भंडारा परिसर में कन्या पूजन किया जाएगा। उसके बाद निशुल्क भंडारा प्रारंभ होगा जो पर्व के 9 दिनों तक संचालित रहेगा।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 10 मार्च तक बढ़ाई किसान पंजीयन की अंतिम तिथि

**सीहोर।** शासन द्वारा किसानों सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च तक बढ़ा दी गई है। पहले अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित थी, जिसे अब 10 मार्च कर दिया गया है। इसके साथ ही किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन केंद्र खुल रहे हैं, ताकि सभी पात्र किसान अपना पंजीयन करा सकें। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा।

### ग्राम थडोदा की रीना बनीं ड्रोन सखी

## आधुनिक कृषि तकनीक को किसानों तक पहुंचाने का कर रहीं कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगर ज़िले के ग्राम थडोदा की रीना चंदेल आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का उदाहरण बन गई हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से नाफेड के समन्वय से उन्हें राज्य स्तर पर ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया गया और ड्रोन उपलब्ध कराया गया। प्रशिक्षण के बाद रीना ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए जिले में आधुनिक कृषि तकनीक को किसानों तक पहुँचाने का कार्य शुरू किया।

रीना स्वयं ड्रोन का संचालन करती हैं। खेतों में स्प्रे करने के लिए वह ड्रोन को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाती हैं, जिसमें उनके पति भी उनका सहयोग करते हैं। खरीफ सीजन में रीना ने 42 किसानों की लगभग 121 एकड़ जमीन पर ड्रोन के माध्यम से स्प्रे किया और इसके लिए 500 रुपये प्रति एकड़ शुल्क लिया। वहीं रबी सीजन में उन्होंने 56 किसानों की लगभग 156 एकड़ जमीन पर ड्रोन स्प्रे कर आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रीना की कृषि कार्यों में सक्रियता और समर्पण को देखते हुए कृषि विभाग ने उन्हें कृषि सखी के रूप में भी जिम्मेदारी दी है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सितंबर माह से रीना समूह की महिलाओं और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी दे रही हैं। इसके लिए उन्हें विभाग की ओर से प्रतिमाह 5 हजार रुपये का मानदेय भी प्राप्त हो रहा है। रीना चंदेल की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत और लगन की कहानी है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की प्रेरक मिसाल भी है। अब वह अन्य महिलाओं और किसानों को भी नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं और अपने गांव के साथ-साथ पूरे जिले के विकास में योगदान दे रही हैं।



### नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को जागरुक करने गांव-गांव पहुंचे कलेक्टर

# कलेक्टर ने किया भैरुंदा और रेहटी तहसील के अनेक विकास व निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा

कलेक्टर बालागुरू के. ने भैरूंदा एवं रेहटी तहसील में चल रहे स्कूल भवन निर्माण, जल जीवन मिशन परियोजना, कृषि उपज मंडी सहित अनेक विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने रेहटी के तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जनगणना कार्य का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, युग्विजय यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**नरवाई न जलाने के लिए किसानों को किया प्रेरित :** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. भेरूंदा तहसील के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे, जहां उन्होंने पटवारियों और किसानों से संवाद कर उन्हें नरवाई नहीं जलाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने किसानों को समझाया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है तथा वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई जलाने के बजाय इसके वैज्ञानिक एवं वैकल्पिक तरीकों को अपनाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि किसानों को जागरूक करने के लिए गांव-गांव में अभियान चलाया जाए और नरवाई जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रखी जाए।

**जल जीवन मिशन परियोजना का किया निरीक्षण :** कलेक्टर बालागुरू के. लाडकुई पहुंचे, जहां उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजना के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएं और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है और इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



#### निर्माणाधीन स्कूल भवन और सीएचसी का किया निरीक्षण

इसके बाद कलेक्टर बालागुरू के. ने रेहटी में निर्माणाधीन शासकीय सांदीपनी स्कूल भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए और निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार की कोई कमी न हो। इसके साथ ही उन्होंने रेहटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा अस्पताल में साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जाए।

#### जनगणना कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम राला, आगरा और सतराना पहुंचकर जनगणना कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा कोटवार द्वारा जनगणना के तहत किए जा रहे मकान सूचीकरण कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता, सटीकता और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मकान और परिवार की जानकारी सही तरीके से दर्ज की जाए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाए। उल्लेखनीय है कि जनगणना के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम राला में निर्माणाधीन कृषि मंडी का भी निरीक्षण किया।

## भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित




**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शनिवार को स्थानीय रेन बसेरा परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवनियुक्त जिला प्रभारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ में नियुक्त पदाधिकारी एवं मंडल कार्यकारणी में नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा आगर जिले के निवासरत हाल ही में अन्य जिलों के प्रभारी नियुक्त किये गए दिलीप सकलेचा एवं बाबूलाल यादव किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री हरिनारायण यादव एवं पार्टी के नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री द्वय प्रेम यादव व पवन वेदिया अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवनारायण भिलाला युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता महिला मोर्चा जिला महामंत्री साक्षी सकलेचा पूर्व मंडल अध्यक्ष नाथूलाल परमार नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले की 70 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 06 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 70 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है।

**खबर संक्षेप**

### हंगामा करने वाले चार गिरफ्तार, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा



**देवास।** औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर शहर की शांति भंग करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देश पर यह कार्रवाई बावडिया चौराहा पर की गई। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि बावडिया चौराहा पर कुछ लोग चिकन खरीदने को लेकर आपस में विवाद कर रहे हैं। विवाद इतना बढ़ गया कि वे मारपीट पर उतारू हो गए और सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने लगे, जिससे वहां शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर हंगामा कर रहे आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन रहा था।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। सभी आरोपियों को एसडीएम न्यायालय देवास के समक्ष पेश करने की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में तेजसिंह पिता मिश्रीलाल रोकड़े (35) निवासी बावडिया देवास, विशाल पिता हीरालाल गोयल (30) निवासी स्टेशन रोड एमजी कॉलोनी देवास, वसीम पिता हफीज खान (20) निवासी मुक्ति मार्ग देवास और गुलरेज पिता हफीज खान (30) निवासी शुक्रवारिया हाट देवास शामिल हैं।

### श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा का होगा स्वागत

**देवास।** रंग पंचमी महापर्व के उपलक्ष पर तथा सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 8 मार्च रविवार को श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पारंपरिक फाग यात्रा का परंपरागत रूप भव्य स्वागत किया जाएगा।

### इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल पर कांग्रेस ने किया अनोखा प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन

# ट्रेड डील नहीं, ट्रैप डील है: काले कपड़े पहन ट्रंप का मुखौटा लगाकर कांग्रेस ने जताया विरोध

## कांग्रेसी नेताओं ने कहा– मोदी सरकार ने देश को ट्रंप के सामने किया नतमस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हाल ही में मोदी सरकार द्वारा तेल को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से किए गए निवेदन और उसके बाद ट्रंप के इस बयान कि "हमने भारत को रूस से तेल लेने की छूट दे दी है", को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। इसी मुद्दे को लेकर शनिवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल पर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले कपड़े पहनकर और अपने आप को रस्सियों से बांधकर विरोध जताया। साथ ही ट्रंप का मुखौटा लगाकर प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी भी की।इस अवसर पर प्रयास गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्थिति आज ऐसी हो गई है कि वे ट्रंप के सामने असहाय नजर आ रहे हैं। वहीं मनीष चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ट्रंप के सामने नतमस्तक कर दिया है। ऐसा प्रतीत होता है मानो देश फिर से विदेशी दबाव में आ गया हो। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री ट्रंप के सामने झुके हैं, वह 150 करोड़ देशवासियों का अपमान है।प्रदर्शन के दौरान "पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड" और "नरेंद्र सरेंडर" जैसे नारों का भी उद्घोष किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इंडो-यूएस ट्रेड डील से देश का किसान पूरी तरह प्रभावित होगा और यह देशहित में नहीं है।प्रदर्शन के दौरान मोदी का मुखौटा पहने एक कांग्रेस नेता को प्रतीकात्मक रूप से यह कहते हुए दिखाया गया कि "मैं तुम्हें तेल लेने की अनुमति देता हूं।"




कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस पूरे घटनाक्रम को देश की आर्थिक और कूटनीतिक स्थिति के लिए चिंताजनक बताते हुए मोदी सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की।इस अवसर पर कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी, गुरचरण सिंह सलूजा, शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, रितेश त्रिपाठी, ज्ञान सिंह दरबार, सुजीत सांगते, विक्रम मुकाती, नजर शेख, जितेंद्र सिंह गौड़, मनोज हेतावल, नरेंद्र यादव, लल्ला, नीरज नगर, बिल्लू, प्रतीक शास्त्री, विक्रम पटेल, सिद्धार्थ माहुरकर, अजय सिंह राजोदा, शाह जी हाशमी, दीपेश कानूनगो, दिग्विजय सिंह झाला, प्रथम पवार, मनोज सांगते, मुकेश पटेल, मुकेश सोलंकी, अविनाश जेठवा, सुभाष वर्मा, मयंक जैन, दीपेश हरोड़े, मुरलीधर गुप्ता, विजय परमार, मुन्ना सरकार, मदनलाल जेठवा, सुनील यादव, बबलू दांगी, कदीर मिर्जा बैग, निलेश वर्मा, वीरेंद्र परदेसी, गौरव जोशी, राजा पड़ियार,



हरीश गजधर, जितेंद्र सिंह मोनटा, शाहिद मोदी, कल्लू भाई राष्ट्रीय, राजेंद्र बेदी, प्रहलाद मिस्त्री, गजेंद्र तोमर, रईस कामदार, मोनू शर्मा, रितेश सांगते, महेंद्र धारू, महेंद्र ठाकुर, मोनू चौहान, चंद्रभूषण शुक्ला, गुलाब सिंह रोजड़ी, यशवंत कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# युवक से सीएनजी पंप पर की मारपीट, मामला दर्ज

### आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पीटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मधुमिलन चौराहे के पास स्थित एक सीएनजी पंप पर काम करने वाले युवक के साथ आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मारपीट कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह पूरी घटना 6 मार्च 2026 की रात करीब 7.30 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी मनीष मालवीय ने बताया कि वह मधुमिलन चौराहे के पास स्थित सीएनजी पंप पर काम करता है। उसी दौरान आरोपी सलीम अपनी टाटा मैजिक लेकर पंप पर गैस भरवाने आया था। सलीम ने अपनी गाड़ी में करीब 300 रुपए की गैस भरवाई और मनीष से ही पैसों की मांग की। मनीष का आरोप है कि पैसे देने से इनकार करने पर सलीम ने उसे जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। थोड़ी देर बाद सलीम अपने कुछ अन्य साथियों के साथ वापस आया। सलीम अपने साथियों के साथ पंप पर पहुंचा और सभी ने मिलकर मनीष के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मनीष को चोटें आईं। इस मामले में औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी सलीम निवासी रसूलपुर और उसके अन्य साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि जब फरियादी मनीष थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा तो वहां भी उसे रोका गया। वहीं थाने से करीब 100 मीटर दूरी पर आरोपी और उसके साथियों ने काफी देर तक हंगामा किया। आरोप है कि सभी आरोपी रसूलपुर क्षेत्र के निवासी हैं और उनमें से अधिकांश मैजिक चालक हैं।बजरंग दल की ओर से प्रशासन से मांग की गई है कि वायरल वीडियो और फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# निगम आयुक्त का औचक निरीक्षण, वार्डों में कार्यों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शहर के विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड 1, 14 और 20 में बन रही सीसी सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सीसी सड़क क्षतिग्रस्त पाई गई, जिस पर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन चेंबरों के लेवल सड़क से ऊंचे या नीचे पाए गए, उन्हें सड़क के समतल स्तर



पर लाने के निर्देश वार्ड उपयंत्री को दिए गए।आयुक्त ने वार्ड 16 संजय नगर में निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल, वार्ड 19 सम्राटपुरी में चल रहे नाला निर्माण कार्य और वार्ड 4 मंगलमूर्ति नगर में लगाए गए पेवर्स ब्लॉक के कार्यों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा वार्ड 31 और 39 में बेकलेन में बनाई गई सीसी रोड का भी निरीक्षण कर वार्ड दरोगा को बेकलेन की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान आयुक्त मीरा बावड़ी से भोलेनाथ रोड तक पहुंचे। इस दौरान सड़क पर कचरा पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्ड दरोगा को चेतावनी दी और प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को संबंधित को सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

### बैठक में भारत विकास परिषद शाखा सम्मानित



**देवास।** भारत विकास परिषद की प्रांतीय बैठक उज्जैन में संपन्न हुई। इस अवसर पर देवास शाखा को प्रांतीय समूह गान, नेत्रदान, एवं रक्त दान के लिए पुरस्कृत किया गया। बैठक में भारत विकास परिषद अध्यक्ष मीना राव, सचिव अंतिम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शालिनी चौहान, सुरेश दासानिया, हेमंत वर्मा, नवीन नाहर आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कीर्ति चव्हाण ने दी।

# कमलापुर के जंगल की नहीं थम रही आगजनी, 2 दिन में दो जगहों पर भीषण आग से वन विभाग में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जिनवाणी रेंज के कमलापुर वन क्षेत्र में लगातार आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं। दो दिनों के भीतर जंगल के अलग-अलग स्थानों पर भीषण आग लगने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। तेज हवा और सूखी झाड़ियों के कारण आग तेजी से फैल रही है, जिससे वन संपदा और वन्य जीवों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को जंगल के कक्ष क्रमांक 781 में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की ऊंची लपटें तथा धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। इससे आसपास के किसानों और ग्रामीणों में चिंता का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर गजराज सिंह मोरी, नाकेदार अशोक दक्षिणी सहित वन विभाग के कर्मचारियों के साथ आसपास के किसान और ग्रामीण भी आग बुझाने में जुट गए। शनिवार तड़के सुबह एक बार फिर



जंगल में आग भड़क उठी। इस बार मीरा खोयरी के जंगल में कक्ष क्रमांक 95 में भीषण आग लग गई। तेज हवा और सूखी झाड़ियों के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे वन विभाग के कर्मचारियों को आग बुझाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा ।आग बुझाने के लिए डिप्टी रेंजर गजराज सिंह मोरी, राजेंद्र शर्मा, अशोक दक्षिणी और चौकीदार बाबू शाह सहित करीब 6 से 7 कर्मचारियों की टीम लगातार जंगल में डटी रही और आग पर काबू पाने के प्रयास करती रही। खबर लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस समय महुआ का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि महुआ बीनने वाले लोग सुविधा के लिए जंगल में आग लगा देते हैं, जिससे जमीन पर गिरे महुआ आसानी से दिखाई दे सकें। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है।

# नारी शक्ति का गढ़ बना सोनकच्छ और भौरासा सिस्टम की कमान महिला अफसरों के हाथों में


**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

इसे महज सहयोग कहे या महिला सशक्तिकरण का उभरता हुआ चेहरा लेकिन जिले की सोनकच्छ तहसील जिले से लेकर आज पूरे मध्य प्रदेश के लिए एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। जिले के सोनकच्छ तहसील से लेकर भौरासा नगर तक मे प्रशासनिक ढांचे पर अगर नजर डाली जाए तो यहां शीर्ष से लेकर जमीन तक के अधिकांश महत्व पूर्ण पदों पर महिला अधिकारी अपनी क़ाबिलियत का लोहा मनवा रही है, फिलहाल कुछ पद को छोड दिया जाए तो सोनकच्छ तहसील का पूरा सरकारी तंत्र नारी शक्ति के कंधों पर टिका हुआ नजर आता है। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सोनकच्छ तहसील की कमान अब अधिकतर महिलाओं के हाथ में है, जहा बता दे की तहसील के प्रशासनिक और पुलिस सिस्टम की हर अहम गाड़ी में महिला अधिकारी तैनात है। पुलिस महकमे में अधिकतर महिलाएं काबीज है, जहां सोनकच्छ एसडीएम की जिम्मेदारी प्रिया चंद्रावत संभाल रही है तोपुलिस महकमे में सोनकच्छ क्षेत्र में एसडीओपी की जिम्मेदारी दीपा मांडवे बखूबी संभाल रही है, वही भौरासा नायब तहसीलदार के रूप में नेहा शाह सक्रिय है।

वही बात करें भौरासा थाना प्रभारी के रूप में अनीता सिंह व नगर परिषद सीएमओ के पद पर प्रमिला ठाकुर है जो वर्तमान में छुट्टी पर है तो उनकी जगह पर सविता सोनी है जो भौरासा व हाटपिपलिया नगर परिषद की कमान संभाल रही है। वही भौरासा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. गुरमीत कौर मौजूद है इसी तरह अगर बात की जाए सेवा सहकारी संस्था की तो यहां पर अदिति गोयल अपना कार्य संभाल रही है। वही कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य नीता शर्मा एव महिला बाल विकास मैं सुपरवाइजर का कार्य फिरदौस









शेख बखूबी कमान संभाले हुए नजर आ रही हैं। नगर की अन्य शासकीय व अर्धशासकीय संस्थाओं में भी छोटे-मोटे व अन्य कई पदों पर भी नगर मे महिलाएं अपनी सेवाएं दे रही है।

### ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी में आदिवासी परंपरा अनुरूप मनाया फाग उत्सव

# पारंपरिक वेशभूषा में रंगों और लोकगीतों पर झूमे बच्चे





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

हाटपिपल्या मार्ग स्थित ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी विद्यालय में शनिवार को छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से आदिवासी परंपरा के अनुसार फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंगों, लोकगीतों और पारंपरिक नृत्य से उत्सवमय माहौल में बदल गया।विद्यालय के प्राचार्य वीरेन्द्र सहाय, भारत पाटीदार, रोहित पटेल, अशोक पाटीदार और महेंद्र पाटीदार ने बताया कि आधुनिकता की चकाचौंध के बीच बच्चों को भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ना बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य से इस वर्ष फाग उत्सव आदिवासी परंपरा के अनुसार मनाया गया।कार्यक्रम में आदिवासी समाज के अग्रणी परिवार के सदस्य भूरू सिंह अजनारिया और रमेश वास्केल पारंपरिक वेशभूषा में मृदाल, थाल और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ के साथ लोकगीत 'फगुआ' पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजाति विकास मंच के जिला संयोजक मुकेश वास्केल रहे। उनके साथ कपिल जाट, राजेंद्र नागर और रवि पाटीदार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का श्रीफल भेंट कर और साफा बांधकर स्वागत किया गया।फाग उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों तक परंपरागत होली के महत्व को पहुंचाना था। वर्तमान समय में जहां कुछ लोग होली को फूहड़ता के साथ मनाते हैं, वहीं विद्यालय में लोकगीत, संस्कृति और मृदाल की थाप के साथ अनुशासित एवं सांस्कृतिक वातावरण में फाग उत्सव मनाया गया।इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई बच्चे आदिवासी वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे और रंग-गुलाल के साथ पारंपरिक अंदाज में फाग उत्सव मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# खेतों में लगी आग, गेहूं की फसल हो गई खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के बरोठा-नापाखेड़ी मार्ग पर शनिवार को खेतों में भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में करीब 15 बीघा से अधिक क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। इससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

यह आग ग्राम नापाखेड़ी निवासी किसान मनोहर धुलजी के खेत में लगी थी। किसानों के अनुसार, इस घटना में लगभग 3.50 लाख रुपए मूल्य की गेहूं की फसल पूरी तरह खाक हो गई।आग लगने का प्राथमिक कारण बिजली लाइन में फॉल्ट या शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।आग लगने की सूचना मिलते ही 200 से अधिक ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। बरोठा पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को भी सूचना दी, दमकल अमले के लंबे प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम रारा के पास हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रारा निवासी रामचरन कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई कामता पुत्र परसादी बीते मंगलवार, 3 मार्च की रात करीब 8 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के पास ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (यूपी 94 वाई 1857) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। परिजनों ने आनन-फानन में घायल कामता को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां सिर की गंभीर चोट को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर उसे वहां से भी ग्वालियर रेफर किया गया। बीते तीन दिनों से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे कामता ने शुक्रवार, 6 मार्च को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

### अभद्र भाषा लिखने पर मुकदमा दर्ज किया

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम ऐरा में घर की दीवारों पर अभद्र शब्द लिखकर एक व्यक्ति की छवि धूमिल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव के ही छह दबंग युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम ऐरा निवासी गोवर्धन पुत्र मोहन ने थाना जाखलौन में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीते मंगलवार, 3 मार्च की रात्रि करीब 11.30 बजे गांव के ही कुछ दबंगों ने उनके घर को निशाना बनाया। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने उनके घर की दीवारों पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपशब्द लिख दिए। गोवर्धन का कहना है कि इस हरकत से समाज में उनकी छवि को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव के ही छह युवकों को नामजद किया है। एफआईआर के अनुसार आरोपियों में विशाल उर्फ जग्गू पुत्र रामकुमार, चन्द्रपाल पुत्र विक्रम, सुमित पुत्र शेर सिंह, कुनाल उर्फ छोटू पुत्र गौरी, आशीष पुत्र संजू तिवारी और छोटू उर्फ सहदेव पुत्र राजाराम शामिल हैं। जाखलौन पुलिस ने मामला पंजीकृत कर लिया है।

### रामनगर में युवक की लाठी-डंडों से पिटाई

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला रामनगर में मामूली विवाद के चलते चार लोगों ने एक युवक को घर में घुसकर बेरहमी से पीट दिया। हमले में युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामनगर निवासी अर्जुन कुशवाहा (18) पुत्र शिवचरन कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि घटना बुधवार, 4 मार्च की शाम करीब 6 बजे की है। वह अपने घर पर था, तभी मुहल्ले के ही शाहिल, दीपू, चित्रांश और मनोज एकराय होकर उसके दरवाजे पर आए और बिना किसी वजह के गाली-गलौज करने लगे। तहरीर के मुताबिक, जब अर्जुन ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपियों ने उसे घेर लिया और लात-घूसों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की, तो उसे जान से मार देंगे। कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

### भाजपा जिला कार्यालय में शोकसभा की

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया गया। जिला उपाध्यक्ष एवं बानपुर जिला पंचायत सदस्य आशीष रावत के पिताजी लक्ष्मी नारायण रावत के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। जिला अध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत, श्रम सेवा राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, जगदीश सिंह लोधी, हरीराम निरंजन, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, धर्मेन्द्र पाठक, रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, देवेंद्र गुरु मौजूद रहे।

---

विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस की कार्रवाई

# टाटा सफारी से बकरी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## अवैध तमंचा, कारतूस और चोरी की दो बकरियों समेत लग्जरी गाड़ी बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने बड़ी सफलता हांसिल करते हुए बकरी चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो बकरियां, एक अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त टाटा सफारी गाड़ी बरामद की है। गौरतलब है कि बीती 6 मार्च को थाना बार में शिकायत दर्ज कराई गयी थी कि अज्ञात चोरों ने उसकी दो बकरियां चोरी कर ली हैं।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में तीन टीमें गठित की गई थीं। सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मैन्युअल साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने शनिवार को दो अभियुक्तों में ग्राम मैलवाराखुर्द निवासी जमील खान उर्फ मुज्जी और जगदीश राय को हिरासत में लिया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो ऐश-ओ-आराम की जिंदगी जीने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले ग्राम बसतगुवां में परशुराम के घर की रेकी की थी, जहां बकरियां बाहर बंधी रहती थीं। योजना के मुताबिक, वह रात में अपनी टाटा सफारी गाड़ी लेकर आए और बकरियां चोरी कर ले गए। शनिवार को वह इन बकरियों को बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने दोनों के पास से 02 चोरी की बकरियां, 01 अवैध तमंचा (315 बोर) व जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 टाटा सफारी गाड़ी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों का पुराना अपराधिक इतिहास भी रहा है। जमील खान के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी और शस्त्र अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं, वहीं जगदीश राय पर मारपीट और एससी/एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। सफलतापूर्वक गिरफ्तारी करने वाली टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष बार अजमेर सिंह ने किया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं सहित शस्त्र अधिनियम (3/25 शस्त्र अधिनियम) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

## पेट्रोल कम देने की शिकायत करने पर विवाद

### सेल्समैन ने ग्राहक को पीटा, तीन साथियों के साथ दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** मडावरा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर तेल कम देने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। सेल्समैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी राहुल सेन पुत्र दीपक सेन ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार रात करीब 7.50 बजे अपनी पत्नी के साथ सागर से लौट रहे थे। रास्ते में वह महरौनी स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने रुके। राहुल का आरोप है कि पेट्रोल डलवाने के बाद जब उन्होंने मात्रा कम होने की आशंका जताई और वहां मौजूद सेल्समैन महेश विश्वकर्मा से इस बारे में पूछा, तो वह अचानक भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी सेल्समैन ने अपने तीन अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और राहुल के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आपबीती सुनाई। तहरीर के आधार पर महरौनी पुलिस ने आरोपी सेल्समैन महेश निवासी टपरियन किसरदा और उसके तीन अज्ञात साथियों के मामला दर्ज कर लिया है।

---

मां के साथ अभद्रता की गई

# घर के सामने डीजे बजाने का विरोध, युवती को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला पठापुरा में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। घर के बाहर शोर-शराबा और गाली-गलौज करने का विरोध करने पर एक युवती को घर के अंदर खींचकर बेरहमी से पीटा गया। बीच-बचाव करने आई मां के साथ भी अभद्रता की गई। पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पठापुरा निवासी पायल अहिरवार पुत्री जगभान अहिरवार ने पुलिस को बताया कि घटना की शुरुआत 4 मार्च की शाम 4 बजे हुई, जब पड़ोस के राजकुमार अहिरवार, मुन्नी, अंजना और छाया उनके घर के सामने डीजे बजाकर गाली-गलौज कर रहे थे। उस समय विरोध करने पर आरोपियों ने पायल के साथ मारपीट की। मामला यहीं शांत नहीं हुआ, 6 मार्च की सुबह करीब 7 बजे आरोपियों ने दोबारा गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, मुन्नी अहिरवार उसे घसीटते हुए अपने घर के अंदर ले गई, जहाँ सभी ने मिलकर उसे लात-घूसों से पीटा, जिससे उसके सिर और हाथ में चोटें आईं। जब पायल की मां हरकुंवर उसे बचाने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि राजकुमार ने पीड़िता के भाई कार्तिक के साथ भी इलाईट के पास अज्ञात लोगों से मारपीट करवाई है। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी राजकुमार अहिरवार, मुन्नी, अंजना और छाया के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## घर में घुसकर मां-बेटे की पिटाई, महिला का हाथ टूटा

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक घर में घुसकर मां और बेटे पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महिला का हाथ फ्रैक्चर हो गया है, जबकि उसका बेटा भी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिद्धंन मुहल्ला बी केबिन के पास नेहरू नगर निवासी माया पत्नी स्व. रमेश ने पुलिस को बताया कि घटना 3 मार्च 2026 की रात करीब 1.30 बजे की है। जब वह अपने परिवार के साथ घर पर थीं, तभी पड़ोस में रहने वाले संतोष, उसके दो बेटे सोहन व सतीश और पत्नी संतोषी एकराय होकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। तहरीर के मुताबिक, जब माया ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपियों ने उन पर लात-घूसों और डंडों से हमला कर दिया। मां को पिटता देख जब उनका बेटा डेनी बीच-बचाव करने आया, तो हमलावरों ने उसे भी बुरी तरह पीटा। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घायल अवस्था में माया और उनके पुत्र का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जिसमें माया के उल्टे हाथ में फ्रैक्चर और डेनी के सिर में चोट की पुष्टि हुई है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी संतोष, सोहन, सतीश और संतोषी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

---

आजादपुरा टोरिया की घटना

# दबंगों ने घर में घुसकर महिला व बच्चों को पीटा, 3 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आजादपुरा टोरिया मोहल्ले में मामूली बात पर दबंगों ने एक घर में घुसकर महिला, उसकी बहू और बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट की। हमले में बेसबॉल बैट का इस्तेमाल किया गया, जिससे एक महिला के सिर में गंभीर चोट आई है।

पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आजादपुरा टोरिया निवासी राजकुमारी पत्नी रामकिशन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 3 मार्च की शाम करीब 4 बजे वह अपने घर पर थीं। तभी पड़ोस में रहने वाले अरुण पुत्र पिंकी उर्फ प्रमोद, उसकी पत्नी प्रीति और सुखवती पत्नी पिंकी एकराय होकर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने राजकुमारी पर लात-घूसों और बेसबॉल बैट से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब राजकुमारी की बहू रानी और बच्चे बीच-बचाव करने आए, तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। मारपीट के दौरान बहू रानी के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि राजकुमारी और बच्चे भी घायल हुए हैं। जाते समय आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि ये लोग पहले भी कई बार उनके साथ मारपीट कर चुके हैं, जिससे मोहल्ले में दहशत का माहौल है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी अरुण, प्रीति और सुखवती के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने साइकिल सवार युवक को रौंदा, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

कस्बा महरौनी के ललितपुर रोड स्थित जैन पैथोलॉजी के पास एक तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने ड्यूटी से घर लौट रहे साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक का बायां हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हार्वेस्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। मोहल्ला चौधरीपुरा निवासी मनीष नामदेव पुत्र बालकिशन नामदेव बीते 20 फरवरी को दोपहर करीब 3 बजे रिलायंस पेट्रोल पंप से अपनी ड्यूटी खत्म कर साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह जैन पैथोलॉजी के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित हार्वेस्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मनीष सड़क पर गिर पड़े और उनके शरीर व बाएं हाथ में गंभीर चोटें आईं। तहरीर के मुताबिक, घटना के बाद हार्वेस्टर चालक प्रताप सिंह और स्थानीय एजेंट राघवेंद्र सिंह बुंदेला ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार कराया। उन्होंने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि इलाज का पूरा खर्च वे उठाएंगे। मनीष ने टीकमगढ़ में जांच कराई तो डॉक्टरों ने हाथ के ऑपरेशन की सलाह दी, जिसमें करीब 30 हजार रुपये का खर्च बताया गया। आरोप है कि शुरुआत में जांच के लिए तीन हजार रुपये देने के बाद आरोपियों ने पीड़ित का फोन उठाना बंद कर दिया और इलाज के खर्च से पल्ला झाड़ लिया। आर्थिक तंगी के बावजूद पीड़ित ने कर्ज लेकर अपना ऑपरेशन कराया। हादसे के कई दिनों बाद, उचित सहयोग न मिलने पर पीड़ित ने थाने में गुहार लगाई। महरौनी पुलिस ने हार्वेस्टर चालक प्रताप सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

# टैक्सी की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, हाथ की उंगली कटी

**ललितपुर।** पटौरा रोड पर एक अनियंत्रित टैक्सी ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक का पैर फ्रैक्चर हो गया और हाथ की उंगली कट गई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर टैक्सी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पटौराकलां निवासी रमेश पुत्र दयाली विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को बताया कि उनका 24 वर्षीय पुत्र निशांत बुधवार, 4 मार्च की रात करीब 9 बजे ललितपुर से अपने गांव बाइक से जा रहा था। पटौरा रोड पर सामने से आ रही टैक्सी (नंबर यू.पी. 94 टी 4618) ने उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टैक्सी को गांव का ही राहुल रजक (पुत्र पप्पू) चला रहा था। हादसे में निशांत के घुटने में फ्रैक्चर हुआ है और हाथ की उंगली कटकर अलग हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग लड़की को युवक भगा ले गया


ललितपुर। थाना महरौनी क्षेत्र के एक गांव में एक युवक द्वारा नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित ने थाने में दी गई अपनी लिखित शिकायत में बताया कि घटना बीते मंगलवार, 3 मार्च की है। सुबह करीब 10 बजे उनकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही निवासी सुखसिंह उनके घर आया और उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित पिता के अनुसार, उनकी पुत्री को आरोपी के साथ जाते हुए मोहल्ले के कुछ लोगों ने भी देखा था। परिजनों ने संभावित ठिकानों पर किशोरी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। तहरीर में पिता ने आशंका जताई है कि आरोपी उनकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर सकता है।

---

सुबह 10.30 बजे विशाल कलशयात्रा निकाली जाएगी

# श्रीमद भागवत कथा और पार्थिव शिवलिंग निर्माण आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



धर्मनगरी ललितपुर के प्रसिद्ध श्री तुवन मंदिर प्रांगण में एक भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। स्मृतिशेष पवन कुमार जैन नौरहकलां (पूर्व पार्षद एवं रेलवे ठेकेदार) की पुण्य स्मृति में नौरहकलां परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं सप्तदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया जा रहा है।

इस धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ रविवार को सुबह 10.30 बजे भव्य विशाल कलश यात्रा के साथ श्री तुवन मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। आयोजन के संरक्षक महंत रामलखनदास महाराज (उत्तराधिकारी महंत, श्री तुवन मंदिर) रहेंगे। आयोजन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक होगा। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक होगी कथा व्यास अयोध्या धाम के ओजस्वी वक्ता स्वामी बाल भरत जी महाराज जी अपने श्रीमुख से अमृत वर्षा करेंगे। ज्ञान अमृत वर्षा कार्यक्रम में सांय 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक, जिसमें आचार्य कामता प्रसाद महाराज (प्रयागराज) द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कथा के दौरान प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जिनमें मेक इन इंडिया, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी सशक्तिकरण जैसे सामाजिक संदेश भी शामिल रहेंगे। 11 मार्च को कवि सम्मेलन और 15 मार्च को सायं 4 बजे से विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति होगी। आयोजक साधना जैन, समीक्षा जैन, प्रतीक जैन एवं समस्त नौरहकलां परिवार (रेलवे ठेकेदार, ललितपुर) ने सभी धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजन के सफल आयोजन को लेकर महन्त रामलखनदास महाराज ने प्रेस वार्ता कर अपनी शुभकामनाएं दीं हैं।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक शनिवार को समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 8 मार्च दिन रविवार को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा।

समिति की सचिव श्रीमती गीता सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय होटल द ग्रांड सिद्धि (सिविल लाइंस) में दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद रायसेन की अध्यक्ष सविता जमना सैन उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति की अध्यक्ष गुलाबबाई सैन करेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेविका निशा वर्मा (इटावा), दीपिका सिंह (कानपुर), रंजना गुप्ता (सुल्तानपुर), सुनंदा वर्मा, अंजली शुक्ला (कन्नौज), सूरज रानी निरंजन (पूर्व ब्लॉक प्रमुख विरधा), जनक यादव (सदस्य जिला पंचायत), रंजना पुलैया (बांसी), सुश्री ईजी साक्षी रिछारिया, मीना सेन, मीरा साहू और संगीता वर्मा (झांसी) सहित कई गणमान्य हस्तियां शामिल होंगी।

बैठक में उपाध्यक्ष रामदेवी सेन, सचिव गीता सेन, कोषाध्यक्ष सुमन सेन, ऑडिटर डोली सेन, सदस्य प्रियंका सेन, संध्या, प्राची सेन, सुमन प्रजापति, कमला साहू, ममता पाल, सुशीला, सरोज सेन, सोमवती यज्ञिक, पिस्ता वर्मा, प्रियंका वर्मा, रामदेवी निरंजन, रानी पंथ, नीलम, सुमन, राजकुमारी सिंह, कुसुम देवी, गुडडी नापित, वंदना वर्मा, रेणुका कौशिक, दीपिका वैष्णो आदि सदस्य उपस्थित रहे। संचालन सचिव गीता सेन और आभार प्रदर्शन प्रियंका सेन ने किया।

# एससी-एसटी आयोग के सदस्य आज से झांसी-ललितपुर दौरे पर

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय सदस्य रमेश चंद्र आगामी 8 से 11 मार्च तक झांसी और ललितपुर जनपद के चार दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्तियों की समस्याओं का अनुश्रवण करेंगे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रमेश चन्द्र 8 मार्च को दोपहर 12 बजे कानपुर से झांसी सर्किट हाउस पहुंचेंगे। दोपहर 1 बजे वे मुक्ता काशी कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे और तत्पश्चात क्षेत्रीय भ्रमण कर दलित समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे। 9 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ एससी-एसटी वर्ग की समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक होगी। इसके बाद वे नगर निगम मुख्यालय में बैठक, वृद्धाश्रमों, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों और दलित बस्तियों का सघन निरीक्षण करेंगे। आयोग के सदस्य 10 मार्च को दोपहर 12 बजे ललितपुर पहुंचेंगे। दोपहर 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ और दोपहर 2.30 बजे नगर पालिका मुख्यालय में बैठक करेंगे। शाम 4 बजे से छात्रावासों व आश्रम पद्धति विद्यालयों का भ्रमण करेंगे और शाम 6 बजे दलित बस्तियों में जाकर जमीनी हकीकत जानेंगे। 11 मार्च को सुबह 10 बजे वे नगर पंचायत तालबेहट में जनसंवाद करेंगे।

नमाजियों को संबोधित करते हुए यह महत्वपूर्ण संदेश दिया

# रमजान में गरीबों का ख्याल रखें, खुशियों में शामिल करें: जमाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

पवित्र रमजान के महीने में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना ही सच्ची इबादत है। सदन शाह मस्जिद के इमाम मुफ्ती नौशाद जमाली ने जुमे की नमाज के दौरान नमाजियों को संबोधित करते हुए यह महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस्लाम में रमजान के महीने में गरीबों का खास ख्याल रखने की ताकीद की गई है। मुफ्ती नौशाद जमाली ने बताया कि हर मुसलमान का यह फर्ज है कि वह अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों और गरीब दोस्तों का ख्याल रखे। अपने माल से जकात, फितरा और सदका निकालकर उनकी मदद करें, ताकि समाज का हर तबका रमजान और ईद की खुशियां सम्मान के साथ मना सके। उन्होंने बताया कि फितरा रमजान के अंत में ईदुल फितर की नमाज से पहले दिया जाने वाला दान है। इसका मुख्य उद्देश्य रोजे के दौरान हुई अनजाने में कमियों को शुद्ध करना और जरूरतमंदों को ईद की खुशियों में शामिल करना है। यह दान हर उस सक्षम मुसलमान (पुरुष, महिला और बच्चे) पर वाजिब (जरूरी) है, जिसके पास अपनी बुनियादी जरूरतों से ज्यादा संपत्ति या खाना मौजूद हो।



### फितरे की रकम तय

मुफ्ती नौशाद जमाली ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद के समय के अनुसार यह 1 साअ (लगभग 2 किलो 45 ग्राम) गेहूं या अनाज के बराबर होता है। इस साल जिले में फितरे की रकम 65 प्रति व्यक्ति निर्धारित की गई है। उन्होंने अपील की है कि फितरे की रकम ईद की नमाज से पहले ही अदा कर देनी चाहिए। इससे गरीब, यतीम और बेसहारा लोग समय रहते अपनी जरूरतें पूरी कर सकेंगे और ईद की खुशियों में शरीक हो पाएंगे। ऐसा करने से ही खुदा की बारगाह में ज्यादा अज्र और सवाब मिलता है।

## जाति प्रमाणपत्र बनवाते समय की थी महिला से छेड़छाड़ का आरोप, नहीं बना जाति प्रमाणपत्र

# नाबालिग के अश्लील वीडियो के बाद अब पटवारी का दूसरा मामला भी आया सामने

### दुष्कर्मी महेश पटवारी की शिकायत लेकर थाने पहुंची एक ओर दलित पीड़ित महिला

### 3 वर्ष बीतने के बाद भी महिला की शिकायत पर आज तक नहीं हुई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

निलम्बित पटवारी महेश साहू को नाबालिग छात्रा के नहाते समय अश्लील वीडियो बनाने के अपराध में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता धारा- 77 , पास्को एक्ट 13/14 तथा आई पी सी एक्ट की धारा- 66 ई के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय पेश किया था,जिस पर न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है,वही एसडीएम द्वारा उसे निलम्बित भी किया गया है।

**आदतन करता आया है महिलाओं का उत्पीडन**

इसी दुष्कर्मी महेश पटवारी से 3 वर्ष से पीड़ति महिला नीता वंशकार दुष्कर्मी के खिलाफ दिये आवेदन पर कार्यवाही की मांग को लेकर थाने पहुंची। आप को बता दें कि तीन वर्ष पहले इसी पटवारी द्वारा महिला को छेड़छाड़ की गई थी,लेकिन पटवारी की दबंगाई के चलते कोई एफआईआर नहीं हुई थी ,जबकि पीड़ति महिला ने एसडीओपी कार्यालय,एस पी कार्यालय,महिला आयोग में भी इसकी शिकायत की



थी लेकिन आज तक एफ आई आर नहीं हुई थी। दुष्कर्मी पटवारी द्वारा साठ गांठ कर मामले को दबा दिया गया था। तब से अब तक महिला ने बहुत चक्कर लगाये लेकिन बस आश्वासन ही मिलता रहा कार्य वाही नहीं हुई।

**3 साल पहले बेनकाब हो जाता तो मासूम न बनती शिकार**

पीड़ित नीता ने बताया कि दुष्कर्मी महेश पटवारी पर यदि पहले ही पुलिस मेरे आवेदन पर कार्य वाही कर देती तो आज एक नाबालिक लड़की का इस प्रकार



परिजनों व समाज के लोगों ने जमकर धुलाई कर पुलिस को सौंपा

**पटवारी पर नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाने पर पास्को एक्ट में केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक मकान मालिक महेश साहू पटवारी द्वारा अपने ही घर में किराए से रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा का नहाते समय मोबाइल से वीडियो बनाने का आरोप लगा है। घटना का खुलासा होते ही परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ शनिवार रात आरोपी के घर पहुंची और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

जानकारी के अनुसार, आरोपी पटवारी महेश साहू (57) के घर में आसपास के गांवों की नाबालिग छात्राएं पढ़ाई के उद्देश्य से किराए पर रहती थीं। एक सप्ताह पूर्व आरोपी की पत्नी राजस्थान के छबड़ा अपने रिश्तेदारों के यहां गई हुई थी, जिससे वह घर में अकेला था। शनिवार सुबह 11वीं कक्षा की एक छात्रा परीक्षा देने से पहले नहाने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पटवारी ने बाथरूम के गेट के ऊपर लगी जाली से मोबाइल के जरिए उसका वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने दो से तीन वीडियो रिकॉर्ड किए। छात्रा ने आरोपी को संदिग्ध स्थिति में देख लिया था, लेकिन परीक्षा के कारण और भयवश तत्काल किसी को कुछ नहीं बताया। बाद में उसने साथ रहने वाली छात्राओं को घटना की जानकारी दी और परीक्षा देने चली गई। शाम को परीक्षा से लौटने के बाद छात्राओं ने परिजनों को फोन कर पूरी बात बताई। रात करीब 9 बजे परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में आरोपी के घर पहुंच गए। जब उन्होंने आरोपी का मोबाइल चेक किया तो डिलीट किए गए वीडियो रीसाइकल बिन में मिल गए। यह देखते ही लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने आरोपी की पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी के कपड़े तक फट गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को भीड़ से छुड़ाया। हालात इतने तनावपूर्ण थे कि पुलिस को आरोपी को पहले पैदल और फिर बाइक से थाने ले जाना पड़ा। देर रात तक थाने के बाहर लोगों की भीड़ जुटी रही और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया गया। वहीं मामले की गंभीरता से जांच कर पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा।

वीडियो बनाने की दुष्कर्मी की हिम्मत नहीं होती।

**पटवारी की सांठ-गांठ से दबा दी गई मेरी शिकायत**

नीता वंशकार ने अपने साथ हुई वारदात की शिकायत पुलिस थाना खिलचीपुर में 3 वर्ष पहले की थी,लेकिन पटवारी द्वारा थाने में सांठ-गांठ कर मामले को दबा दिया गया था,जिसकी शिकायत मेने अपने पति के साथ जाकर एस पी साहब को भी की थी।यही नहीं मेने महिला आयोग ओर 181 पर भी शिकायत की थी,लेकिन पटवारी के रसूख के आगे मेने हार मान ली थी।

**बिना जाति प्रमाणपत्र पढ़ने को मजबूर**

मेरे बच्चे बिना जाति प्रमाणपत्र के पढ़ने को मजबूर,नहीं बन रहा जाति प्रमाणपत्र। पटवारी द्वारा मेरे साथ हुई छेड़खानी की वारदात की शिकायत पुलिस थाने में करने के बाद दुष्करमी पटवारी ने मेरे बच्चे के जाति प्रमाण पत्र के कागजाद पर ऐसी टिप लगाई कि आज तक मेरे बच्चे का जाति प्रमाण पत्र आज तक नहीं बन पाया। में शासन से अपील करती हूं कि मेरे बच्चे का जाति प्रमाणपत्र पुनः जांच कर बनवाने की कृपा करें।

**इनका कहना है**

हां ,महेश पटवारी के विरूद्ध एक ओर आवेदन आया है, जांच कर कार्यवाही की जावेगी।

**उमाशंकर मुकाती,** टीआई खिलचीपुर।

---

## प्लास्टिक मुक्त नगर बनाने का संकल्प

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के पीपल चैराहा स्थित नगर पालिका शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में गुरूवार रात्रि को पर्यावरण संरक्षण पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य विषय "छोटी पहल बड़ा परिवर्तन, प्लास्टिक फ्री हमारा नगर" था। इस कार्यक्रम में शहर के पर्यावरण प्रेमियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने भाग लिया और प्लास्टिक मुक्त नगर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज की जीवन पद्धति प्रकृति से जुड़ी हुई है। हम प्रकृति पूजक हैं और हमारी संस्कृति में धरती को माता का दर्जा दिया गया है। सेठिया ने चिंता व्यक्त की कि आज समाज पर्यावरण के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है। उन्होंने वनों की कटाई, प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग और नदियों के प्रदूषण को हमारी संस्कृति के विपरीत बताया। उन्होंने जोर दिया कि यदि हम पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन में अपनाएं, तो यह धरती स्वर्ग समान बन सकती है। जहां गंदगी, प्रदूषण और पॉलिथीन के ढेर दिखाई देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल शासन का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने धर्म को केवल पूजा-पाठ तक सीमित न मानकर कर्तव्यों के पालन का हिस्सा बताया। सेठिया ने प्लास्टिक को एक ऐसा जिन्न बताया जो आसानी से नष्ट नहीं होता, इसलिए इसके उपयोग को कम करना आवश्यक है। इन इको ब्रिक्स में पॉलीथीन भरकर ईंट के रूप में तैयार किया जाता है, जिनसे शहर में रचनात्मक डिजाइन बनाई जा रही हैं। पीपल चैराहे पर स्थापित आई लव ब्यावरा की आकृति भी इन्हीं इको ब्रिक्स से निर्मित है। इस अवसर पर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता और अनिला गुजराती भी उपस्थित रहे।

---

# आपातकाल के 50 वर्ष विषय पर लीड कॉलेज में संवाद कार्यक्रम आयोजित

### विकसित भारत युवा संसद-2026 के तहत आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विकसित भारत युवा संसद-2026 के अंतर्गत लीड महाविद्यालय में शुक्रवार दोपहर जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय "आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" रखा गया। विषय पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

इस कार्यक्रम हेतु माय भारत पोर्टल पर 108 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था जिनमें से 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई, जिसमें प्रतिभागियों की वाक-कला, तर्कशक्ति एवं समसामयिक विषयों पर उनके दृष्टिकोण का मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी जयसिंह राठौड़ तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार शामिल रहे। वहीं द्वितीय चरण में नरसिंहगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन त्रिपाठी तथा ब्यावरा महाविद्यालय के प्रोफेसर घनश्याम नागर ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

**पांच प्रतिभागी राज्य स्तर के लिए चयनित**

पांच प्रतिभागियों पायल यादव, राम गुप्ता, आनंद शर्मा, जय कुशवाह तथा रोहित कुशवाह का चयन किया गया। ये सभी चयनित प्रतिभागी आगामी 10 मार्च को भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय युवा संसद में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे, नोडल अधिकारी डॉ. मंगलेश सोलंकी, सह नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा, आराधना यादव, प्रकाश कुमार अहिरवार सहित स्टाफजन व विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

# बीएससी प्राइवेट फॉर्म पुनः प्रारंभ करने की मांग का ज्ञापन सौंपा

**ब्यावरा।** राष्ट्रीय छात्र संघ द्वारा आज शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा के प्राचार्य के माध्यम से बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर बीएससी प्राइवेट परीक्षा फॉर्म पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई। तएनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर ने बताया कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में बीएससी प्राइवेट परीक्षा फॉर्म भरने की व्यवस्था बंद कर दी गई है। इसके कारण अनेक ऐसे छात्र-छात्राएँ जो आर्थिक, पारिवारिक अथवा अन्य कारणों से नियमित रूप से कॉलेज में प्रवेश लेने में असमर्थ हैं, वे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। कॉलेज अध्यक्ष हर्षित दांगी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्राइवेट माध्यम उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण



साधन था। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि छात्र-हित को ध्यान में रखते हुए बीएससी प्राइवेट परीक्षा फॉर्म पुनः प्रारंभ किए जाएँ, ताकि आर्थिक और सामाजिक कारणों से नियमित अध्ययन नहीं कर पाने वाले विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा का अवसर मिल सके। इस दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। साथ ही छात्र नेता ललित सोलंकी, विधानसभा उपाध्यक्ष बंटी सोंधिया, महासचिव रीतेश चैहान आदि मौजूद थे।

---

## राष्ट्रीय मानकों पर आधारित स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद

# पहला एनएबीएच प्रमाणित अस्पताल बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। नगर स्थित गवली हॉस्पिटल को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) द्वारा प्रमाणन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही गवली हॉस्पिटल कुरावर क्षेत्र का पहला एनएबीएच प्रमाणित अस्पताल बन गया है।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह प्रमाणन अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और मरीज-केंद्रित उपचार पद्धति की आधिकारिक पुष्टि करता है। एनएबीएच प्रमाणन प्राप्त करने के लिए अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित कड़े मानकों का पालन करना पड़ता है। इसके तहत अस्पताल में सुदृढ़ भवन संरचना, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं, प्रशिक्षित मेडिकल टीम तथा व्यवस्थित कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जाती है। मानकों पर हुआ विस्तृत मूल्यांकन प्रमाणन प्रक्रिया के दौरान अस्पताल में भवन सुरक्षा, फायर सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल, दवा प्रबंधन प्रणाली और मरीज सुरक्षा मानकों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही स्पष्ट लिखित एसओपी मेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ का नियमित प्रशिक्षण, आंतरिक गुणवत्ता ऑडिट और निरंतर सुधार प्रणाली भी सुनिश्चित की गई। वैधानिक स्वीकृतियां भी पूर्ण अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक




सभी कानूनी औपचारिकताएं भी पूरी की गई हैं। इनमें क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन, फायर एनओसी, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन अनुमति, प्रदूषण नियंत्रण स्वीकृति तथा फार्मेसी लाइसेंस शामिल हैं। प्रबंधन ने जताया आभार अस्पताल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रमाणन मरीजों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण उपचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भविष्य में भी सुरक्षित, पारदर्शी और मानक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि पर अस्पताल प्रबंधन को बधाई देते हुए इसे कुरावर के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

---

## चौथे दिन कबड्डी व रस्साकसी स्पर्धा हुई

# हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में 7 दिवसीय रंगारंग महोत्सव

**सारंगपुर।** हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय रंगारंग महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर खेलकूद गतिविधियों के तहत कबड्डी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की कुल 9 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में कड़े मुकाबलों के बाद करेड़ी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्यावरा की टीम द्वितीय और तुकोगंज की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं रस्साकसी प्रतियोगिता में बाड़ीगांव की टीम ने पहला स्थान हासिल किया और तुकोगंज की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी विजेता टीमों को मोमेंटो एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अशोक साहू,सुशील व्यास, भूपेंद्र जोशी सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।

---

# वार्डवासियों ने स्वच्छता सहित कई मांगों को लेकर नपा प्रभारी, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 1 खारिया मार्ग के रहवासियों ने क्षेत्र में फैली गंदगी, अव्यवस्थाओं और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर नगर पालिका प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा।

वार्डवासियों का कहना है कि खारिया मार्ग के बीच सड़क पर आए दिन गंदगी फैली रहती है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है और लोगों को बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने नियमित साफ-सफाई करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड के मुख्य मार्ग पर बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे रात के समय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही प्रवेश मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा झाड़ियों लगाकर अवैध



अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसे हटाने की मांग भी की गई। इसके अलावा सड़क पर नालियों का गंदा पानी बहने के कारण आवागमन में नागरिकों को काफी दिक्कत हो रही है। वार्डवासियों ने गंदे पानी की निकासी के लिए नई और स्थायी नालियों का निर्माण करवाने की मांग रखी। मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे कचरे के ढेर को स्थायी रूप से हटाकर नगर के टीचिंग ग्राउंड में प्रतिदिन कचरा डलवाने की मांग भी की गई।

वार्डवासियों का कहना है कि इससे पहले भी साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया था, लेकिन नगर पालिका द्वारा अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नगर पालिका का घेराव किया जाएगा। इस दौरान राहुल पुष्पद, सिद्धूलाल पुष्पद, विनोद पुष्पद, राहुल सहित कई वार्डवासी मौजूद रहे।

---

# स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप ने होली का त्यौहार हर्ष उल्लास से मनाया

**राघौगढ़।** साडा कॉलोनी स्थित फार्म हाउस पर स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप ने होली पर्व रंगों के त्योहार पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नगर में गुलाल और रंग लोगों को लगाते हुए ढोल बाजे के साथ बाइक से नगर का भ्रमण भी किया। हर दुकानदार राहगीर को गुलाल एवं रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप की इस पहल से नगर में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

---

# 10 मार्च तक बढ़ी पर्यटक स्थलों की फोटो-रील कॉन्टेस्ट की तिथि

**विदिशा।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं जिला प्रशासन विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पर्यटक स्थलों की फोटो व रील सबमिशन कॉन्टेस्ट की अंतिम तिथि अब 10 मार्च कर दी गई है। जिलेवासी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फोटो, रील या वीडियोग्राफी अपलोड कर निर्धारित गूगल फॉर्म भर सकते हैं। अब तक 31 प्रतिभागी सहभागिता कर चुके हैं। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

---

## चार दिन पहले हुई हत्या के मामले का आरोपी गिरफ्तार

# हैवानियत : 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुराचार

### एडिशनल एसपी ने प्रेसवार्ता कर पूरे मामले का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 3-4 मार्च की रात्रि जिले की सीमा से सटे भोजपुर थानाक्षेत्रान्तर्गत एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की नृशंसा हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। गांव के ही एक युवक ने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए वृद्धा से दुराचार के बाद उसकी हत्या कर दी थी। एडिशनल एसपी के.एल. बंजारे ने शुक्रवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। मामले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी मृतिका वृद्धा का दूर का रिश्तेदार भी बताया जा रहा है।

**आरोपी ने रखी थी खाने-पीने की पार्टी:** 3 मार्च की रात्रि मृतका के पुत्र के खेत के पास पप्पू भील के खेत पर खाने-पीने की पार्टी थी। फरियादी (मृतका का पुत्र) अपनी माँ को कांकरिया वाले खेत पर बनी टापरी पर अकेली छोड़कर पार्टी में चला गया। पार्टी में रामनिवास पिता रायसिंह, पप्पू पिता कालूसिंह एवं सुनील पिता मानसिंह मौजूद थे। कुछ समय बाद रामनिवास बिना बताए वहां से चला गया। रात में भोजन के बाद फरियादी अपने आम वाले खेत पर चला गया। सुबह जब वह टापरी पर पहुंचा तो उसकी माँ वहां नहीं मिली। तलाश करने पर टापरी के पास गेहूं के खेत में उसकी माँ गंभीर अवस्था में पड़ी मिली, जिनके मुंह, नाक व जबड़े पर गंभीर चोटें थीं तथा खून निकल रहा था। पास में रामनिवास के पहने हुए कपड़े भी पड़े मिले।

**पुलिस पूछताछ में आरोपी ने किया खुलासा** : पूछताछ में आरोपी रामनिवास ने बताया कि मृतका अपने पुत्र के साथ गाँव से दूर खेत पर बनी टापरी में रहती थी। वह (रामनिवास मृतका पर बुरी नजर रखता था और उसने उसके साथ बलात्कार करने की योजना बनाई। 3 मार्च को आरोपी रामनिवास ने मुर्गा पार्टी का बहाना बनाकर मृतका के पुत्र तथा उसके परिचित सुनील भील व पप्पू भील को बुलायाआरोपी मुर्गी खरीदकर पप्पू के खेत पर मुर्गी बनाने की तैयारी करने लगा और मृतका के पुत्र को वहीं उलझाकर स्वयं मृतका की टापरी पर चला गया। टापरी पर मृतका अकेली थी। आरोपी ने मृतका को आवाज देकर बाहर बुलाया और जबरदस्ती पकड़कर पास के गेहूँ के खेत में ले गया, जहाँ उसने मृतका के साथ बलात्कार किया। विरोध करने पर आरोपी ने दाँतों से नाक व मुँह काटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

---



# महाविद्यालय में व्याख्यान माला आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वीडियो के माध्यम से साइबर सुरक्षा जागरूकता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खाईया मैडम ने साइबर सुरक्षा को लेकर अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी डॉ. विमल लोदवाल ने साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ अर्चना वर्मा ने साइबर जागरूकता को लेकर अपनी बात कही, कार्यक्रम के तहत डॉ. अरुणा सोलंकी ने साइबर जागरूकता को लेकर अपना उद्बोधन किया। प्रो.संगीता गुप्ता मैं साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.भाविक वोरा अपने साइबर जागरूकता को लेकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.फारूक पठान, डॉ दीपिका जोशी समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रो.प्रीतम गुनावा ने माना।